18.0 कंप्यूटरीकरण एवं सूचना प्रौद्योगिकी समर्थ सेवाएँ :

18.1 ईसीएल में ई-निविदा प्रकोष्ठ की गतिविधियाँ :

क. वर्ष 2021-22 के दौरान, 3753 निविदाएँ सीआईएल ई-निविदा पोर्टल अर्थात् https://coalindiatenders.nic.in पर प्रकाशित की गई जिसमें से 1062 निविदाओं को अंतिम रूप दिया जा चुका है, 205 निविदाएँ रद्द कर दी गई तथा शेष अंतिम रूप प्रदान करने के विविध चरणों में हैं।

ख. ई-निविदा में अंतर्ग्रस्त प्रक्रियाओं से संबंधित विविध आधुनिक सॉट्वेयर टूल्स का उपयोग क्षेत्रो/कर्मशालाओं में आंतरिक व दूरस्थ प्रशिक्षण/ सहायता की शिक्षा दी गई है।

ग. दिनांक 30.07.2021 एवं 26.11.2021 को ईसीएल के मानव संसाधन विकास विभाग में 42 नोडल अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ ईसीएल में ई-निविदा के मामले के लिए वेबिनार के जरिए संवादात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

घ. वर्ष के दौरान मुख्यालय सहित भिन्न-भिन्न क्षेत्रों एवं कर्मशालों के 119 अधिकारियों के लिए अंकीय हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) की व्यवस्था किया गया है।

ङ. वर्ष 2021-22 में 134 दिनों का औसतन पर ई-निविदा पोर्सटल के जरिए निविदा की समाप्ति अवधि का औसतन चक्र अनुरक्षित किया गया है।

18.2 ईसीएल में उद्यम संसाधन आयोजना (ईआरपी) क्रियान्वयन की प्रस्थिति :

ईसीएल मुख्यालय के केन्द्रीय परिसेवक में ईआरपी अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर क्रियान्वित किया गया है। ईआरपी सॉफ्टवेयर की नानाविध माड्यूल एवं उसके क्रियान्वयन प्रास्थिति यथा निम्नवत है :

कोलनेट मॉड्यूल	क्रियान्वयन प्रास्थिति
वित्त व नियंत्रण (फिको)	जीवंत कार्य प्रणाली पूर्व में ही आरंभ कर दिया गया है और समस्त संव्यवहार केवल सैप में अभिलेखित किए जा रहे हैं। विद्यमान कोलनेट प्रणाली को दिनांक 01.08.2021 से बंद कर दिया गया है।
सामाग्री प्रबंधन (एमएम)	जीवंत कार्य प्रणाली पूर्व में ही आरंभ कर दिया गया है और समस्त संव्यवहार केवल सैप में अभिलेखित किए जा रहे हैं। विद्यमान कोलनेट प्रणाली को दिनांक 01.08.2021 से बंद कर दिया गया है।
उत्पादन योजना (पीपी)	सभी क्रियाशील खदानें पालीवार उत्पादन एवं संबद्ध प्रतिवेदन को भर रही है तथा सभी क्रियाशील संयंत्रें पी.आई. शिट के जरिए अपने उत्पादन की पुष्टि की गई है
संयंत्र अनुरक्षम (पीएम)	**उत्खनन :** कार्यक्रमावली के साथ आस्तियों के प्रधान आँकड़े का मानचित्रण किया गया है और आस्ति संख्या से युक्त उपकरण पूर्व में ही किए जा चुके हैं। अनुरक्षण आदेश, अधिसूचना, कार्य-घंटे एवं डीजल खपत से सबंधित मापन दस्तावेज की प्रविष्टि नियमित आधार पर किए जा रहे हैं। पीआर/पीओ इत्यादि तैयार किए जा रहे हैं। सभी प्रमुख उपकरणों के लिए कार्य सूची प्रणाली में अपलोड कर दी गई है और कर्मशाला में नवीनीकरण प्रक्रिया प्रणाली के माध्यम से आरंभ कर दी गई है। मुक्त प्रवाह पीआर रणनीति उत्पादन में मानचित्रित की गई है।

कोलनेट मॉड्यूल	क्रियान्वयन प्रास्थिति
	ई & एम : ईसीएल के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में निग्रह को सृजित करने, स्टॉक मदों में अधिसूचनाओं के विरूद्ध अनुरक्षण आदेश के सृजन, संयंत्र अनुरक्षण भंजित अधिसूचना के सृजन, मापक दस्तावेजों का अद्यतन जैसे जीवंत कार्य प्रणाली युक्त किया गया है। अर्धतः तैयार उत्पादों के विनिर्माण के लिए केन्द्रीय कर्मशालाओं से संबंधित पीपी माड्यूल क्रियान्वित है।
परियोजना प्रणाली (पीएस)	गो-लाइव पूर्ण किय गया है तथा परियोजना डब्ल्यूबीएस संजाल, गतिविधि का सृजन किया गया है। लागत योजना, बजट व्यवस्था एवं सभी संबंधित आँकड़े 15 चालू परियोजनाओं के प्रणाली में प्रविष्ट किए गए है।
मानव पूँजी प्रबंधन (एचसीएम)	अक्तूबर, 2021 से नवंबर, 2021 में संदाय जीवंत वेतन पत्रक सैप में आरंभ की गई है।
विक्रय व वितरण (एसडी)	संपूर्ण ईसीएल के लिए विद्युतमय रेल एवं एमजीआर की बिलिंग सैंप में आरंभ क दी गई है तथा रेल एवं एमजीआर प्रेषण प्रणाली के लिए कोलनेट के जरिए बिलिंग बंद कर दी गई है। ईसीएल के समस्त क्षेत्रों से सैप में सड़क विक्रय आरंभ की गई है तथा सड़क विक्रय के लिए कोलनेट के जरिए बिलिंग बंद कर दी गई है।

ईसीएल में ईआरपी प्रशिक्षण सत्र